mendations of the Committee are expected by the end of July, 1983.

Dual Ration Cards Policy

19. SHRI SATISH PRADHAN: Will the Minister of CIVIL SUPPLIES, CONSUMER AFFAIRS AND PUBLIC DISTRIBUTION be pleased to state:

(a) whether Government have decided to implement dual ration card policy, if so, the parameters determined to segregate the ration card holders; and

(b) whether Central Government has given any directives to State Governments for implementation of the scheme, if so, the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF CIVIL SUPPLIES, CONSUMER AFFAIRS & PUBLIC DISTRIBUTION WITH ADDITIONAL CHARGE OF THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF COMMERCE (SHRI KAMALUDDIN AHMED): (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

तिलहनों के आयात

20. **श्री अजीत जोगी :**
चौधरी हरि सिंह :

क्या **नागरिक आपूर्ति, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार खाद्य तेलों के स्थान पर तिलहनों का आयात करने का विचार रखती है ;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ;

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ; और

(घ) उस पर कितनी धन राशि खर्च किये जाने का विचार है ?

नागरिक पूर्ति, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय में राज्य मंत्री और वाणिज्य मंत्रालय में राज्य मंत्री का अतिरिक्त प्रभार (श्री कमालुद्दीन अहमद) : (क) से (घ) देशी खाद्य तिलहनों/खाद्य तेलों की उपलब्धता को पर्याप्त समझते हुए सरकार का फिलहाल तिलहन आयात करने का कोई प्रस्ताव नहीं है ।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत वस्तुओं की प्रति इकाई आपूर्ति

21. **श्री कैलाश नारायण सारंग :** क्या **नागरिक आपूर्ति, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली के उपभोक्ताओं और देश के अन्य भागों में रहने वाले उपभोक्ताओं को उचित दर की दुकानों के माध्यम से सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत प्रति इकाई कितनी-कितनी चीनी, चावल, गेहूं तथा अन्य सामग्री प्रदान की जाती है ;

(ख) क्या दिल्ली तथा देश के अन्य भागों में रहने वाले उपभोक्ताओं को प्रदान की जाने वाली प्रति इकाई मात्रा में कोई अन्तर है ; यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ; और

(ग) क्या सरकार देश के सभी उपभोक्ताओं के साथ समान व्यवहार करने की दृष्टि से सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से प्रति इकाई विभिन्न वस्तुओं की समान मात्रा की आपूर्ति सुनिश्चित करेगी ?

नागरिक पूर्ति, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय में राज्य मंत्री और वाणिज्य मंत्रालय में राज्य मंत्री का अतिरिक्त प्रभार (श्री कमालुद्दीन अहमद) : (क) से (ग) केन्द्रीय सरकार सार्वजनिक वितरण प्रणाली की वस्तुओं की अधिप्राप्ति